# जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सरायकेला-खरसावाँ।

दूरभाष संख्या - 06597-234162/Email-ddc-sar/nic.in

## प्रेस विज्ञप्ति

## मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के संकल्प संख्या - 4729/ दिनांक 04.06.2007, अधिसूचना संख्या - 6440, दिनांक 17.07.2012 एवं संकल्प ज्ञापांक- 848/दिनांक 21.03.17 के आलोक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना अधिनियम के अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्ति हेतु ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक(N)1509 (अनु0) दिनांक 12.07.16 एवं पत्रांक-(N) 2435 दिनांक 14.08.18 के द्वारा प्राप्त निदेशानुसार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक- 4450 दिनांक 31.05.2016 द्वारा कार्मिक विभागीय संकल्प ज्ञापांक 3198/दिनांक 18.04.2016 के द्वारा झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी की परिभाषा एवं पहचान की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकि सहायक (सहायक अभियंता/कनीय अभियन्ता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्युटर सहायक के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति किया जाना है।

रिक्त पदों हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 11/12/2018 के अपराहन् 05.00 बजे तक उप विकास आयुक्त, सरायकेला-खरसावाँ, पता- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सरायकेला-खरसावाँ, पिन नम्बर- 833219 को निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट/कोरियर के द्वारा आमंत्रित किये जाते है। अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। लिफाफे के उपर लाल रोशनाई से पद का नाम अंकित किया जाय। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं रिक्त पदों हेतु पदवार वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी सरायकेला-खरसावाँ जिले के **Web Site- www.seraikela.nic.in** पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,सरायकेला-खरसावाँ तथा प्रखण्ड कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

<u>रिक्त पदों की संख्या निम्नवत् है</u> :-

| क0 | पद नाम | रिक्तियों की सं0 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.वर्ग | पि.वर्ग | अनारक्षित | कुल |
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 2 | तकनीकि सहायक (सहायक अभियन्ता के समकक्ष), | 0 | 3 | 0 | 0 | 2 | 5 |
| 3 | तकनीकि सहायक (कनीय अभियन्ता के समकक्ष), | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 6 |
| 4 | लेखा सहायक | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 5 | कम्प्युटर सहायक | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 |

(नोट - रिक्तियों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन हो सकता है।)

शैक्षणिक योग्यता -

| क्र0 | पदनाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 1. अनिवार्य योग्यता -<br>सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी संकाय एवं विषय में स्नातक प्रतिष्ठा 55 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण। सामान्य स्नातक तथा वैसे स्नातक प्रतिष्ठा, उत्तीर्ण, जिनका प्राप्तांक प्रतिशत 55 प्रतिशत से कम है, परन्तु वे स्नातकोत्तर उत्तीर्ण हो तो वे भी आवेदन समर्पित कर सकेगें। सामान्य स्नातक तथा स्नातक प्रतिष्ठा में समतुल्यता स्थापित करने के लिए सामान्य स्नातक के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा दिया जाएगा तथा ऐसे घटे हुए प्राप्तांक प्रतिशत को स्नातक प्रतिष्ठा की कोटि में अंकित किया जाएगा।<br>2. अतिरिक्त योग्यता -<br>(a) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/ पी0जी0डी0 बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0/बी0सी0ए0/बी0एस0सी0कम्प्युटर/बी0एस0सी0 कम्प्युटर ऑनर्स तथा एम0सी0ए0/एम0एस0सी0(कम्प्युटर विज्ञान) अतिरिक्त योग्याएं मानी जाएगी। एम0बी0ए0 एवं पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0बी0ए0/ पी0जी0डी0आर0डी0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0बी0ए0/ पी0जी0डी0बी0 एम0 /पी0जी0डी0आर0डी0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटाकर एम0बी0ए0 की कोटि में प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जाएगा। बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्युटर को बी0एस0सी0 कम्प्युटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने के हेतु उनमें प्राप्तांक प्रतिशत से 5 क्रमशः घटा दिये जाएगे तथा बी0एस0सी0 कम्प्युटर ऑनर्स कोटि में तदनुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जाएगा।<br>(b) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्युटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जाएगें। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जाएगा। जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 या बी0एस0सी0 कम्प्युटर साईस या बी0एस0सी0 कम्प्युटर ऑनर्स के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जाएगा। |
| 2 | तकनीकि सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 1. अनिवार्य योग्यता -<br>सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में बी0ई0 या बी0टेक0 अनिवार्य योग्यता होगी।<br>2. अतिरिक्त योग्यता -<br>(a) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में एम0टेक0 तथा पी0जी0डी0सी0ए0/एम0सी0ए0 /एम0एस0सी0 कम्प्युटर साईस अतिरिक्त योग्यता होगी।<br>(b) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्युटर को समान योग्यताएं समझा जाएगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जाऐगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जाएगा। |
| 3 | तकनीकि सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 1. अनिवार्य योग्यता -<br>सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में डिप्लोमा अनिवार्य योग्यता होगी।<br>2. अतिरिक्त योग्यता -<br>(a) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में बी0टेक0/बी0ई0,बी0सी0ए0 /बी0एस0सी0 कम्प्युटर/ बी0एस0सी0 कम्प्युटर ऑनर्स तथा एम0सी0ए0 /पी0जी0डी0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्युटर साईस अतिरिक्त योग्यता होगी।<br>(b) बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्युटर को बी0एस0सी0 कम्प्युटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने के हेतु उनमें प्राप्तांक प्रतिशत में 5 क्रमशः घटा दिये जाएगे तथा बी0एस0सी0 कम्प्युटर ऑनर्स कोटि में तदनुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जाएगा।<br>(c) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्युटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जाएगे । पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जाएगा। |

नियुक्ति के नियम तथा शर्त्तें :-

1. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार पर कोई दायित्व नहीं होगा

2. प्रारंम्भिक चरण में यह नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व पद विशेष पर नियुक्ति के लिए गठित नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यो की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा।

3. संविदा के आधार पर नियुक्ति का नियम 11(ख) में वर्णित प्रावधान के अनुरूप नवीकरण नहीं होने पर ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।

4. यदि कोई कार्यरत कर्मी ऐसी नियुक्ति से स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से नियुक्ति पदाधिकारी को इसकी सूचना एक माह पूर्व देनी होगी या एक माह की मासिक परिलब्धि जमा करनी होगी। इसके विपरीत यदि नियुक्ति पदाधिकारी को ऐसे कार्यरत कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं है, तो उसे एक माह की लिखित सूचना या एक माह की परिलब्धि देकर कार्यरत कर्मी की सेवा नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी।

5. उक्त सभी पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी के द्वारा किसी एक जिला में ही आवेदन दिया जा सकेगा तथा अपने आवेदन-पत्र के साथ उन्हें इस आशय का **शपथ पत्र मूलप्रति देना अनिवार्य होगा** कि झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों में उस पद विशेष के लिए उनके द्वारा कोई आवेदन नहीं किया गया है। शपथ पत्र के बिना प्राप्त आवेदन अस्वीकृत किये जाएगें। अर्पित शपथ पत्र कभी भी असत्य पाया जाता है तो उनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी। उनके विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

6. प्रत्येक पद के लिए अनिवार्य एवं अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत को नियम में वर्णित प्रक्रिया के अनुरूप अंकित करते हुए शैक्षणिक योग्यता स्कोर निकाला जाएगा तथा उक्त आलोक में अभ्यर्थियों की प्रारम्भिक मेघा सूची तैयार की जाएगी। शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर तैयार प्रारंभिक मेधा सूची ही अंतिम मेधा सूची होगी।

ह०/-
उपायुक्त
सरायकेला-खरसावाँ

ज्ञापांक..525/मनरेगा, दिनांक...6/11/18

प्रतिलिपि - सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावाँ को प्रेषित करते हुए निदेश है कि उपरोक्त विज्ञप्ति को सूचना पट्ट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करेगें।

प्रतिलिपि - जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि - अपर उपायुक्त, सरायकेला-खरसावाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि उपरोक्त सूचना को (सॉफ्ट कॉपी संलग्न) जिले के वेबसाईट **Web Site- www.seraikela.nic.in** पर अविलम्ब प्रदर्शित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

30/10/18
उपायुक्त
सरायकेला-खरसावाँ

F:\NREGA Letter\Advertisment\NIC (27-10-18).docx

आवेदन - पत्र का प्रारूप

| राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हाल का पासपोर्ट साईज का फोटो चिपकाएं |
|---|

1. आवेदित पद का नाम :-
2. आवेदक का नाम :-
3. पिता/पति का नाम :-
4. स्थायी पता :-
5. वर्तमान पता :-
   (मोबाईल/दूरभाष सहित)
6. जन्म तिथि :-
7. दिनांक 01.10.2018 को उम्र :- वर्ष........माह .........दिन.......
8. लिंग (स्त्री0/पुलिंग) :-
9. कोटि :-
10. शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत/श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. अन्य योग्यता :-
12. अनुभव का विवरण/प्रमाण पत्र :-

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी सारी जानकारियाँ मेरी जानकारी में सत्य है। मेरे द्वारा दी गयी कोई भी जानकारी गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

स्थान :-

दिनांक :- आवेदक का हस्ताक्षर

<u>नोट</u> :- आवेदन पत्र के साथ सभी प्रकार के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों/ सक्षम पदाधिकारी (न्यूनतम अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र/आयु के प्रमाण पत्र स्वरूप माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्णता से संबंधित बोर्ड का प्रमाण पत्र/ आवासीय प्रमाण पत्र/ विकलांगता प्रमाण पत्र असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर उल्लेखित पते पर निबंधित/स्पीड पोस्ट/कोरियर के द्वारा भेजा जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएगें। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अतिम तिथि 11/12/18 के अपराहन् 5.00 बजे तक निर्धारित है। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी जिनके शैक्षणिक प्रमाण पत्र में प्राप्तांक के स्थान पर ग्रेड का उल्लेख है, वे संबंधित संस्थान से ग्रेड का प्राप्तांक में सम्परिर्वतन प्रमाण पत्र निश्चित रूप से संलग्न करेगें जिससे उनके चयन प्रक्रिया में कठिनाई उत्पन्न न हो। लिफाफे के उपर आवेदित पर का नाम लाल रोशनाई (लाल स्याही) से अंकित करें। साथ ही आवेदन के साथ संलग्न सभी तरह के प्रमाण पत्र की छायाप्रति अभिप्रमाणित होना आवश्यक है।